संख्या–1562/69--1–2014–14(104)/2013

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त नगर आयुक्त,
नगर निगम, उत्तर प्रदेश।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग। लखनऊ: दिनांक:23 जुलाई, 2014

विषयः–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित शहर मिशन प्रबन्धन इकाई के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–979/69–1–13–14 (104)/2013, दिनांक 27.06.2014 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु शहर स्तर पर शहर मिशन प्रबन्धन इकाई (सी0एम0एम0यू0) का गठन किया गया है। शहर मिशन प्रबन्धन इकाई के स्वरूप तथा कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत दिशा–निर्देश उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17.06.2014 द्वारा निर्गत किये गये हैं।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहर मिशन प्रबन्धन इकाई के वित्तीय प्रबन्धन हेतु नगर निगम वाले शहरों में नगर आयुक्त/अध्यक्ष, प्रबन्ध कार्यकारी समिति तथा नगर निगम के वित्त एवं लेखाधिकारी तथा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत वाले शहरों में जिलाधिकारी/अध्यक्ष, प्रबन्ध कार्यकारी समिति तथा सिटी प्रोजेक्ट आफिसर के संयुक्त हस्ताक्षर से खातो का संचालन किया जायेगा।

3. इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि शहर मिशन प्रबन्धन इकाई का कार्यालय कक्ष सम्बन्धित स्थानीय निकाय के मुख्यालय पर ही स्थापित किया जाये। इस कार्यालय कक्ष के बाहर मिशन प्रबन्धन इकाई की नाम पट्टिका जनता की सुविधा के लिये अवश्य लगायी जाये तथा कार्यालय कक्ष में फर्नीचर, कम्प्यूटर, स्टेशनरी एवं स्टाफ के बैठने की समुचित व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाये।

कृपया इस सम्बन्ध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुये शासन को एक सप्ताह में अवगत कराने का कष्ट करें।

आ0प्राप्त 24/7/14

JD/FC/PD

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव।

24/7/14

अग्रिम प्रति JD/FC/PD को दी गयी।
24/7/14

संख्याः– 1562 (1)69–1–14–14(104)/2013 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 महालेखाकार,उ0प्र0, इलाहाबाद।
2 सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
3 प्रमुख सचिव/सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
4 प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन।
5 प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0शासन।
6 मिशन निदेशक, राज्य शहरी आजीविका मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
7 समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
8 निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय,उ0प्र0,लखनऊ।
9 निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण(सूडा) उ0प्र0,लखनऊ।
10 समस्त परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी (डूडा), उ0प्र0।
11 समस्त उप नगर अधिकारी, नगर निगम, उ0प्र0।
12 समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उ0प्र0।
13 गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एच0पी0 सिंह)
संयुक्त सचिव